Title: Need to open a Sainik School at Shekhpura in Begusarai Parliamentary Constintuency, Bihar-Laid.

श्री राजो सिंह (बेगुसराय): मेरे बेगुसराय संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत शेखपुरा जिला में कोई सैनिक स्कूल नहीं रहने के कारण प्रतिभाशाली छात्रों को अच्छे ि वद्यालय का अभाव दिखाई देता है। उक्त क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्रों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने और रक्षा सेवाओं हेतु अच्छे प्रतिभाशाली छात्रों को तैयार करने के उद्देश्य से एक सैनिक स्कूल की स्थापना होनी चाहिए।

मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर दिलाकर शीघ्र शेखपुरा जिला में सैनिक स्कूल खुलवाने का अनुरोध करता हूं।